अमर उजाला
बरेली
सोमवार, 2 अप्रैल 2018

PAGE NO 8 : MIDDLE LEFT

श्री राममूर्ति इंस्टीट्यूट में सीएमई का आयोजन

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज बरेली के चर्म रोग विभाग एवं मानसिक विभाग एवं रुहेलखंड डार्मेटोलॉजिकल सोसाइटी और आईएडीवीएल बरेली, इंडियन साइकेट्रिक सोसाइटी बरेली ब्रांच के सहयोग से एक दिवसीय सीएमई डर्मा साइकेट्री कान्क्लेव-2018 का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न स्थानों से 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रशासन आदित्य मूर्ति, प्राचार्य प्रो. डॉ. एसबी गुप्ता, आयोजक चेयरपर्सन डॉ. पीके परडल, डॉ. प्रतीक गहलोत, आयोजक सचिव डॉ. मधुरकांत रस्तोगी, डार्मेटोलॉजी सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. वीके चावला, डॉ. सर्वेश चंद्रा ने दीप जलाकर किया। सीएमई का आयोजन चार सत्रों में किया गया। संचालन कार्यक्रम के सह आयोजक डॉ. नितिन मिश्रा, डॉ. शिखा अग्रवाल, डॉ. अभिलाषा गुप्ता और डॉ. नैनी अग्रवाल ने किया। सीएमई का उद्देश्य त्वचा रोगियों की मानसिक स्थिति पहचान कर सही उपचार करना है।